*भारतीय प्रत्यक्ष निवेश कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों की गणना: 2016-17**

भारत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के लिए एक पसंदीदा स्थल के रूप में उभर रहा है, भारतीय प्रत्यक्ष निवेश (डीआई) कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों (एफएलए)[1] की नवीनतम गणना के अनुसार इसमें से बाजार मूल्य के अनुसार आधी राशि विनिर्माण क्षेत्र में है। भारत का एफडीआई स्टॉक इसके बाहरी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) का लगभग चार गुना है। सुदृढ़ सीमा-पार व्यापार शृंखला के साथ भारतीय और विदेशी, दोनों सीमा-पार अनुषंगियों ने 2016-17 के दौरान अच्छी कारोबार संवृद्धि दर्ज की है। भारत में विदेशी अनुषंगियों के बीच सूचना और संचार सबसे बड़ा निर्यातोन्मुख क्षेत्र बना रहा है। मूल्यनिर्धारण लाभ काफी अधिक रहा है, हालांकि भिन्न-भिन्न आर्थिक क्षेत्रों में यह अलग-अलग रहा है।

1. प्रस्तावना

प्रत्यक्ष निवेश (डीआई) सीमा-पार पूंजी प्रवाह का मुख्य घटक है, जो अनिवासी निवेशकों का मेजबान अर्थव्यवस्था के प्रति स्थायी रुझान दर्शाता है। मात्रात्मक रूप में, प्रत्यक्ष निवेश प्राप्तकर्ता उद्यम में प्रबंधन के नियंत्रण (50 प्रतिशत या उससे अधिक इक्विटी शेयर) या असरदार प्रभाव (10 प्रतिशत या उससे अधिक इक्विटी शेयर) से संबंधित है। कोई व्यक्ति, संबंधित व्यक्तियों का समूह, कोई निगमित या अनिगमित उद्यम (सार्वजनिक या निजी), संबंधित उद्यमों का समूह, सरकार, न्यास या अन्य संगठन, जो उस उद्यम (मों) के स्वामी हों, एक प्रत्यक्ष निवेशक हो सकता है।

विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के प्रभाव वैविध्यपूर्ण हैं किंतु प्राप्तकर्ता अर्थव्यवस्था की संस्थागत संरचना और घरेलू तथा विदेशी निवेश के बीच पूरकता और परिवर्तनीयता के स्तर सहित उसकी अवशोषक परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं (बेनासी क्यूरे एट ल, 2007; इकोनॉमू त ल, 2016)। यह प्रौद्योगिकी तथा भौतिक पूंजी के अंतरण के माध्यम से औद्योगिक कार्यकलापों एवं रोजगार की सहायता के द्वारा आर्थिक संवृद्धि को बढ़ावा देता है (बोसवर्थ एंड कॉलिन्स, 1999; अल्फरो, 2017)। यह वैश्विक व्यापार को भी बढ़ावा देता है तथा पूंजी प्रवाह के किसी भी अन्य तरीके की अपेक्षा अधिक सफलतापूर्वक वैश्विक अर्थव्यवस्था के एकीकरण को सुगम बनाता है (फ्रैन्केल एंड रोमर, 1999; मोरन, 2016)।

चूंकि प्रत्यक्ष निवेश प्रवाह देश के भुगतान संतुलन (बीओपी) के घटक हैं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सीमा पार से निवेश आंकड़ों की उपलब्धता और समयबद्धता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया है जिसके तहत अन्य बातों के साथ-साथ समन्वित पोर्टफोलियो निवेश (सीपीआईएस) और समन्वित प्रत्यक्ष निवेश सर्वेक्षण (सीडीआईएस)[2] शामिल हैं। वे इस प्रकार डिजाइन किए गए हैं ताकि तुलनीय सीमा-पार पोर्टफोलियो और प्रत्यक्ष निवेश आंकड़ों की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार किया जा सके जो समग्र हो और बिलकुल पास वाली समकक्ष अर्थव्यवस्था से तुलनीय भी हो। सीडीआईएस को 2009 में लॉन्च किया गया था और 2015 के जी-20 डेटा गैप इनिशिएटिव (डीजीआई-2) के दूसरे चरण में यह सिफारिश की गयी है कि इस कार्य में जी-20 अर्थव्यवस्थाएं भी भागीदार बनें।

2011 के बाद से, रिज़र्व बैंक ने ऐसी भारतीय कंपनियों के लिए 'विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों (एफएलए) पर वार्षिक विवरणी' को अनिवार्य कर दिया है, जिन्होंने पिछले वर्ष विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्राप्त किया है और/अथवा पिछले वर्ष सहित विगत वर्षों में समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश किया है[3]। एफएलए गणना भारतीय कंपनियों के विदेशी प्रत्यक्ष

---

* यह आलेख श्री सुमित रॉय और श्री अविनाश पाटील, बाह्य देयताएं एवं आस्ति सांख्यिकी प्रभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग द्वारा तैयार किया गया। इसमें व्यक्त किए गए विचार इसके लेखकों के हैं तथा रिज़र्व बैंक का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है। इस शृंखला में संदर्भ अवधि 2015-16 के लिए पिछला लेख भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के जनवरी 2017 अंक में प्रकाशित किया गया था।

[1] इस गणना के विस्तृत परिणाम 19 जनवरी 2018 को आरबीआई की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किए गए।

[2] भारत सहित सीडीआईएस भाग लेने वाले देशों के लिए भागीदार देश-वार बाजार मूल्य पर आवक और जावक प्रत्यक्ष निवेश (ऋण और इक्विटी) के विस्तृत आंकड़े आईएमएफ की वेबसाइट http://data.imf.org/CDIS पर उपलब्ध कराए गए हैं।

[3] इन आंकड़ों को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा), 1999 और उसमें समय-समय पर होने वाले संशोधनों के तहत 15 मार्च 2011 को रिज़र्व बैंक द्वारा जारी ए.पी. (डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं.44 के अनुसार एकत्रित किया जाता है। विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों पर वार्षिक विवरणी का प्रारूप आरबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है (www.rbi.org.in □ फॉर्म □ श्रेणी □ फेमा फॉर्म) और अधिक जानकारी 'विदेशी मुद्रा' खण्ड में एफएक्यू के तहत दी गई है। एफडीआई / ओडीआई अनुषंगी कंपनी (यानि, एकल विदेशी निवेशक हिस्सेदारी कुल इक्विटी का 50 प्रतिशत से अधिक हो) के मामले में निर्यात, आयात, घरेलू बिक्री और खरीद संबंधी जानकारी विदेशी सहबद्ध कंपनी व्यापार आंकड़े (एफएटीएस) के एक हिस्से के रूप में भी एकत्र की जाती है।

निवेश (एफडीआई), समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) और अन्य निवेशों के कारण उत्पन्न विदेशी देनदारियों और बाजार मूल्य पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है, जो कि बीओपी, सीपीआईएस, सीडीआईएस, अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति(आईआईपी) संबंधी आंकड़ों और विदेशी सहयोगियों की व्यापार सांख्यिकी (एफएटीएस)[4] का संकलन करते समय इनपुट के रूप में उपयोग में लायी जाती है।

यह आलेख विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों (एफएलए) की गणना संबंधी 2016-17 दौर के प्रमुख निष्कर्षों को प्रस्तुत करता है, जिसमें 17,020 कंपनियों को कवर किया गया था, जिनमें से 15,169 कंपनियों (विदेशी अनुषंगियों सहित) ने निवेश आगम की रिपोर्टिंग की थी। इसमें एफएटीएस के अंतर्गत भारतीय और विदेशी अनुषंगी कंपनियों की आवक और जावक प्रत्यक्ष निवेश स्थिति का अनुमान अंकित मूल्य और बाजार मूल्य पर व्यक्त किया जाता है तथा देश/ क्षेत्र की प्रोफाइल के साथ-साथ कुल और क्षेत्र-वार बिक्री/खरीद (घरेलू और समुद्रपारीय दोनों) की अनुमानित स्थिति सूचित की जाती है।

आलेख के शेष भाग को पांच खंडों में बांटा गया है: भाग 2 में सीमा-पार प्रत्यक्ष निवेश को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है जिसमें भारत की स्थिति भी स्पष्ट की गयी है। भाग 3 में गणना में रिपोर्ट की गयी भारतीय प्रत्यक्ष निवेश कंपनियों की विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों का सारांश प्रस्तुत किया गया है जिसमें कवरेज, अंकित मूल्य और बाजार मूल्य पर निवेश के स्तर, क्षेत्रीय संघटन, स्रोत और गंतव्य और अन्य निवेशों के संघटन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भाग 4 में एफएटीएस की मुख्य विशेषताओं की चर्चा की गयी है। भाग 5 में प्रमुख विचार-बिंदुओं के सारांश के साथ-साथ लेख के निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं।

2. वैश्विक सीमा-पार प्रत्यक्ष निवेश

2016 के लिए किए गए सीडीआईएस में, 105 देशों ने आवक की सूचना दी जबकि 79 देशों ने जावक प्रत्यक्ष निवेश रिपोर्ट किया। प्रत्यक्ष निवेश के स्रोत और गंतव्य शीर्ष तीन देश नीदरलैंड, यू.एस.ए. और लक्ज़मबर्ग रहे: बाजार मूल्य पर इन तीनों का सम्मिलित योगदान कुल आवक निवेश में 37.7 प्रतिशत और कुल जावक निवेश में 49.4 प्रतिशत था। अन्य प्रमुख देशों में, जापान का जावक निवेश इसके आवक निवेश का लगभग सात गुना था (चार्ट 1)। फ्रांस, जर्मनी और स्विटजरलैंड में भी यह अनुपात अधिक रहा।

सीडीआईएस के अंतर्गत रिपोर्ट किए गए कुल निवेश की 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत प्रत्यक्ष निवेश का 19वां सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता था जबकि प्रत्यक्ष निवेश के स्रोत देशों (चार्ट 2) में इसका स्थान 33वां था।

चार्ट 1: चुनिंदा देशों में बाजार मूल्य पर आवक और जावक एफडीआई-दिसंबर 2016



स्रोत: समन्वित प्रत्यक्ष निवेश सर्वेक्षण, 2016 जिसमें भारत से संबंधित आंकड़े मार्च 2017 (वित्त वर्ष की समाप्ति) के हैं।

[4] यहाँ यह ध्यान रखना जरूरी है कि बकाया परिसंपत्तियों / देनदारियों में परिवर्तन किसी वर्ष के दौरान भुगतान संतुलन (बीओपी) में दर्ज किए गए प्रवाहों से भिन्न होंगे क्योंकि पहले वाले में कीमतों और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के कारण होने वाले परिवर्तन भी शामिल होंगे।

चार्ट 2: वैश्विक प्रत्यक्ष निवेश-सीडीआईएस-रिपोर्टकर्ता देशों का हिस्सा



3. विदेशी देयताएं और परिसंपत्तियाँ : गणना के परिणाम

एफएएल गणना के प्रत्येक चरण में, प्रत्यक्ष निवेश कंपनियां पिछले दो वित्तीय वर्षों के लिए डेटा रिपोर्ट करती हैं। इसलिए गणना के विभिन्न चरणों में प्राप्त परिणामों की किसी भी प्रकार की तुलना करते समय प्रत्येक दौर में किए गए कवरेज को ध्यान में रखने की आवश्यकता होती है और यह इनके कारण बदल सकता है : (क) वर्ष के दौरान प्रत्यक्ष निवेश कंपनियों की संख्या बढ़ या घट जाने से, और (ख) अनुपालन की रिपोर्टिंग में सुधार होने से।

3.1 कवरेज

गणना के 2016-17 चरण में 18,667 कंपनियों ने प्रतिक्रिया दी[5] जिनमें से मार्च 2017 के अनुसार 17,020 कंपनियों के तुलन-पत्रों में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश / जावक प्रत्यक्ष निवेश की स्थिति बहुत अच्छी थी जैसा कि पहले बताया जा चुका है (सारणी 1)। आश्चर्यजनक रूप से इन कंपनियों में से बहुतायत (85.6 फीसदी) ने केवल आवक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश रिपोर्ट किया है और अन्य कंपनियों ने जावक प्रत्यक्ष निवेश या दोतरफा निवेश की जानकारी दी

सारणी 1: एफएलए गणना 2016-17: कवरेज

(कंपनियों की संख्या)

श्रेणी	कंपनी का प्रकार	प्रत्यक्ष निवेश			
		आवक और जावक दोनों	केवल आवक	केवल जावक	कुल
गैर सूचीबद्ध कंपनियां	भारत में विदेशी सहयोगी	255	2,371	-	2,626
	भारत में विदेशी अनुषंगी	237	11,888	-	12,125
	अन्य	-	135*	1,411	1,546
	कुल	**492**	**14,394**	**1,411**	**16,297**
सूचीबद्ध कंपनियां	भारत में विदेशी सहयोगी	68	96	-	164
	भारत में विदेशी अनुषंगी	32	87	-	119
	अन्य	-	-	440	440
	कुल	**100**	**183**	**440**	**723**
कुल योग		**592**	**14,577**	**1,851**	**17,020**

* इनमें सीमित देयता साझेदारियां (एलएलपी), विशिष्ट उद्देश्य माध्यम (एसपीवी) और सार्वजनिक-निजी साझेदारियां शामिल हैं।

[5] चूंकि कुछ कंपनियों से अब भी रिपोर्टें मिल सकती हैं, यहां प्रस्तुत परिणाम अनंतिम हैं।

चार्ट 3: आवक और जावक प्रत्यक्ष निवेश



है। इन कंपनियों की कुल इक्विटी में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश रिपोर्टिंग कंपनियों की हिस्सेदारी 78 फीसदी थी और इनमें से 80 प्रतिशत से अधिक कंपनियों की इक्विटी में अधिकांश हिस्सेदारी विदेशी कंपनियों की थी।

3.2 आवक और जावक प्रत्यक्ष निवेश

एफएलए गणना के तहत बाजार मूल्य और अंकित मूल्य दोनों पर इक्विटी पूंजी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों का मूल्यनिर्धारण संदर्भित अवधि के समापन की तिथि (यानी, मार्च के अंत में) को बाजार मूल्य पर किया जाता है। बड़ी संख्या में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की रिपोर्टिंग करने वाली बहुत सारी (करीब 98 प्रतिशत, कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में 49.7 फीसदी हिस्सेदारी वाली) कंपनियों की सूचीबद्धता समाप्त कर दी गयी थी और उन्हें सूचित किया गया था कि वे इक्विटी के बाजार मूल्य का निर्धारण करने के लिए 'अंकित मूल्य की धारित निधि (ओएफबीवी)' प्रविधि[6] का उपयोग करें।

2016-17 के दौरान विदेशी प्रत्यक्ष निवेश शेयर (निवेश प्रवाह और मूल्यनिर्धारण परिवर्तनों सहित) का बाजार मूल्य 9.7 प्रतिशत बढ़कर मार्च 2017 में ₹23,387 बिलियन (360.7 बिलियन यूएस डालर) हो गया, जिसमें से लगभग 94 प्रतिशत इक्विटी के रूप में था (चार्ट3)। दूसरी ओर, इसी वर्ष के दौरान ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश के स्टॉक में 9.8 प्रतिशत की गिरावट आई और यह ₹5,411 बिलियन (83.4 बिलियन यूएस डॉलर) हो गया।

वर्ष 2012-13, जब से तुलनात्मक गणना के आंकड़े उपलब्ध हैं, के बाद से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 14.3 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि देखी गई है। जावक निवेश और आवक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के अनुपात में 2013-14 के बाद आयी गिरावट में आवक और जावक प्रत्यक्ष निवेश में वृद्धि के बीच के विचलन का भी योगदान रहा। मार्च 2017 में, बाजार मूल्य पर भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश इसके ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश के चार गुने से भी अधिक था (चार्ट 4)।

3.3 आवक प्रत्यक्ष निवेश का क्षेत्र-वार वितरण

कुल एफडीआई के अंकित मूल्य (बाजार मूल्य पर 50.2 प्रतिशत) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 42.3 प्रतिशत रही जिसमें मोटर वाहन समूह का हिस्सा सबसे बड़ा था, इसके बाद खाद्य उत्पादों और मशीनरी तथा उपकरण का स्थान रहा। सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अंकित मूल्य पर 47.8 प्रतिशत (बाजार मूल्य पर 40.7 प्रतिशत) रही। अंकित मूल्य पर कुल एफडीआई इक्विटी में गैर-वित्तीय कंपनियों का हिस्सा मार्च 2017 में करीब 87 फीसदी था (सारणी 2)। सूचना और संचार सेवाएं तथा वित्तीय और बीमा गतिविधियों के क्षेत्रों में सर्वाधिक एफडीआई आया। बाजार मूल्य पर एफडीआई का क्षेत्र-वार संघटन अनुबंध 1 पर दिया गया है।

[6] इक्विटी निवेश का धारित निधि बही मूल्य (ओएफबीवी) कंपनी की निवल मालियत में अनिवासियों द्वारा धारित इक्विटी होती है (अर्थात चुकता इक्विटी पूंजी, सहभागी अधिमान शेयर, आरक्षित निधि और अधिशेष का योग). [स्रोत: आईएमएफ की सीडीआईएस गाइड]

चार्ट 4: आवक और जावक प्रत्यक्ष निवेश-वार्षिक वृद्धि



अंतर्वाह/बहिर्वाह, पुनर्निवेश/घाटे और मूल्य-निर्धारण में होने वाले परिवर्तनों के चलते दीर्घावधि में बाजार मूल्य पर निवेश शेयरों में परिवर्तन देखने को मिलता है। जिन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक एफडीआई आया उनमें मूल्य-निर्धारण लाभ भी बढ़ा : एफडीआई की आवक वाले शीर्ष दस क्षेत्रों में एफडीआई की आवक अंकित मूल्य पर कुल एफडीआई इक्विटी की 36.6 प्रतिशत परंतु बाजार मूल्य पर 53.5 प्रतिशत हुई (चार्ट 5)।

एफडीआई इक्विटी के बाजार मूल्य-निर्धारण में बदलाव अन्य बातों के साथ-साथ इस प्रकार के निवेशों के बाजार मूल्य तथा उनके अंकित मूल्य के अनुपात से भी प्रदर्शित होता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान इस अनुपात में घट-बढ़ होती रही है परंतु समग्र रूप से देखें तो इसमें वृद्धि हुई है और मार्च 2017 में यह 5.0 हो गया (चार्ट 6)। व्यापक आर्थिक क्षेत्रों के लिए, यह अनुपात 2.1 से 34.7 के बीच रहा (सारणी 3) : प्रमुख उप-क्षेत्रों में देखें तो, कंप्यूटर

सारणी 2: एफडीआई कंपनियों के क्षेत्रीय इक्विटी भागीदारी का आयोजन: मार्च 2017

(अंकित मूल्य पर बिलियन ₹)

गतिविधि	कुल इक्विटी (निवासी & अनिवासी)	एफडीआई इक्विटी हितधारिता
1. कृषि संबंधी, पौधरोपण और संबद्ध गतिविधियों	10.3	8.5
2. खनन	40.3	23.5
3. विनिर्माण	2,207.8	1,872.9
4. बिजली, गैस, भाप और वातानुकूलन	391.2	235.7
5. जल आपूर्ति; सीवरेज, कचरा प्रबंधन और उपचारी गतिविधियां	9.3	6.9
6. निर्माण	221.6	162.1
7. सेवाएं	2,809.2	2,116.8
कुल	**5,689.7**	**4,426.4**

सारणी 3: जीडीपी में क्षेत्र-वार वृद्धि और बाजार मूल्य एवं अंकित मूल्य का अनुपात

क्षेत्र	कंपनियों की संख्या	बाजार मूल्य एवं अंकित मूल्य का अनुपात
1. कृषि से संबंधित, पौधरोपण और संबद्ध गतिविधियों	67	5.0
2. खनन	97	34.7
3. विनिर्माण	3,672	5.9
4. बिजली, गैस और पानी की आपूर्ति	507	2.1
5. निर्माण	711	2.3
6. सूचना और संचार सेवाएं	3,610	8.5
7. अन्य सेवाएं	6,505	3.1
कुल	**15,169**	**5.0**

चार्ट 5: बाजार मूल्य और अंकित मूल्य पर एफडीआई इक्विटी: मार्च 2017 में शीर्ष 10 क्षेत्र



प्रोग्रामिंग के लिए यह अनुपात 21.7, जबकि मोटर वाहनों के लिए 3.8 रहा (चार्ट 6)।

वर्ष 2016-17 के दौरान खाद्य उत्पाद और बिजली के उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र के एफडीआई इक्विटी स्टॉक में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी (अनुबंध 1) इसके बाद मोटर वाहन और सूचना एवं संचार क्षेत्र का स्थान आता है। एफडीआई इक्विटी के बाजार मूल्य में हुई वृद्धि के मुकाबले उसके अंकित मूल्य में हुई वृद्धि के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र को उल्लेखनीय मूल्यांकन लाभ हुआ। रीयल स्टेट क्षेत्र को छोड़कर, सभी प्रमुख सेवाओं में बाजार मूल्य पर एफडीआई इक्विटी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

3.4 प्रत्यक्ष निवेश का स्रोत / गंतव्य

भारत में एफडीआई आवक का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा (बाजार मूल्य पर 21.8 प्रतिशत हिस्सेदारी)

चार्ट 6: आवक एफडीआई इक्विटी (अंकित मूल्य और बाजार मूल्य)



चार्ट 7: बाजार मूल्य पर प्रत्यक्ष निवेश - प्रमुख साझेदार देश (मार्च 2017)



और उसके बाद अमेरिका, युनाइटेड किंगडम, सिंगापुर और जापान का स्थान रहा। समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश सबसे अधिक (19.7 प्रतिशत हिस्सेदारी) सिंगापुर में किया गया, उसके बाद नीदरलैंड, मॉरीशस और यूएसए का स्थान रहा। भारत के शीर्ष दस प्रतिपक्षी देशों की सामूहिक हिस्सेदारी कुल एफडीआई में 92.4 प्रतिशत और कुल ओडीआई में 74.6 प्रतिशत थी (चार्ट 7)।

3.5 अन्य निवेश

उक्त वर्ष के दौरान रिपोर्टिंग कंपनियों की अन्य निवेश देयताएं[7] 15.0 प्रतिशत बढ़ीं और मार्च 2017 के अंत तक ₹12,775 बिलियन तक पहुंच गईं : इनसे संबद्ध समुद्रपारीय आस्तियां इन देयताओं का 32.3 प्रतिशत रहीं। इनमें ऋण की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा (42.0 प्रतिशत) थी, इसके बाद ट्रेड क्रेडिट, मुद्रा और जमा एवं असंबद्ध (तृतीय पक्ष) गैर-निवासी संस्थाओं के पास अन्य देयराशियों का स्थान रहा। संबंधित समुद्रपारीय आस्तियों में भी, ऋणों का प्रतिशत सर्वाधिक (33.5) था, उसके बाद व्यापार ऋण और मुद्रा और जमा का स्थान रहा (चार्ट 8)।

4. विदेशी सहबद्धों के व्यापारिक आंकड़े (एफएटीएस)

विदेशी अनुषंगियों और सहयोगी कंपनियों के संबंध में, एफडीआई आँकड़ों में अंतरराष्ट्रीय धन-अंतरण की जानकारी तो होती है, परंतु उनके आर्थिक परिचालन (अर्थात, कुल कारोबार, विदेशी व्यापार) की नहीं। विदेशी सहबद्धों के व्यापारिक आंकड़ों (एफएटीएस) के अंतर्गत स्टॉक और पूंजी प्रवाह के मौद्रिक मूल्य के अतिरिक्त भी कई सूचनाएं दी जाती हैं; इनमें माल और/अथवा सेवाओं में व्यापार के लिए स्थानीय अर्थव्यवस्था में सहयोगी कंपनियों की समुद्रपारीय वाणिज्यिक उपस्थिति के आयामों को दर्शाया जाता है। एफडीआई के अंतर्गत वे सभी विदेशी हित आते हैं जिनमें 10 प्रतिशत या अधिक मताधिकार शामिल हैं, जबकि एफएटीएस उन सभी सहयोगी कंपनियों से संबंधित हैं जो विदेशी-नियंत्रित सहायक कंपनियां हैं (यानी, किसी भी एक प्रत्यक्ष निवेशक की हिस्सेदारी इक्विटी के 50 प्रतिशत से अधिक है)। इस प्रकार, एफडीआई और एफएटीएस वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुराष्ट्रीय निगमों की भूमिका के दो संबंधित पहलुओं को दर्शाते हैं। एफडीआई में ऐसी कंपनियों के निवेश

[7] अन्य निवेश दावे एवं देयताओं (अर्थात व्यापार क्रेडिट, ऋण, मुद्रा और जमाराशियाँ तथा असंबद्ध अनिवासी इकाइयों के पास खोले गए अन्य प्राप्य एवं देय राशि खाते) में अंतर-कंपनी कर्ज लेनदेन (अर्थात प्रत्यक्ष निवेशकर्ताओं और अनुषंगियों, सहयोगियों, मातृ कंपनियों, सहायक कंपनियों और शाखाओं के बीच निधि उधार लेना और देना) शामिल नहीं है, जो कि प्रत्यक्ष निवेश के तहत शामिल किए जाते हैं। ऋणों के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार, वित्तीय पट्टे और पुनर्खरीद करार तथा अन्य ऋण एवं अग्रिम शामिल हैं। यदि रिपोर्टकर्ता प्रत्यक्ष निवेश कंपनी एक बैंक है, तो अनिवासी जमाराशियों के साथ-साथ वॉस्ट्रो खाते में मौजूद कोई क्रेडिट शेष अथवा नॉस्ट्रो खाते के अतिदेय 'बकाया देयताएं' शीर्ष के अंतर्गत मुद्रा एवं जमा के तहत शामिल किए जाते हैं। नॉस्ट्रो खातों के क्रेडिट शेष और वॉस्ट्रो खातों के डेबिट शेष को 'बकाया दावे' शीर्ष के अंतर्गत एकसमान माना जाता है। इसके अंतर्गत विविध प्राप्य राशियों और देय राशियों (अर्थात, बकाया राशि के रूप में ब्याज भुगतान, बकाया मजदूरी और वेतन, पूर्वदत्त बीमा प्रीमियम, बकाया कर) को भी शामिल किया जाता है।

चार्ट 8: एफडीआई कंपनियों के अन्य प्रत्यक्ष निवेश: मार्च 2017



प्रवाह और शेयरों के मौद्रिक मूल्य शामिल हैं, जिनमें विदेशी निवेशकों का स्थायी हित होता है, जबकि एफएटीएस उन कंपनियों की आर्थिक गतिविधियों (मुख्य रूप से बिक्री, व्यय, निर्यात और आयात) से संबंधित है जिनमें बहुलांश हिस्सेदारी विदेशी निवेशकों की होती है।

विदेशी देनदारियों और आस्तियों (एफएलए) की गणना में आवक और जावक दोनों प्रकार की सहायक कंपनियों की गतिविधियों (बिक्री, व्यय, निर्यात और आयात) के आंकड़े शामिल किए जाते हैं। भारतीय कंपनियों में से 2,443 कंपनियां जो जावक प्रत्यक्ष निवेश की रिपोर्टिंग करती थीं, उनमें से 2,100 कंपनियों की कुल मिलाकर 3,578 विदेशी सहायक कंपनियां थीं, जो बाहरी एफएटीएस से संबंधित व्यापारिक आंकड़ों की सूचना देती थीं। वर्ष 2016-17 के दौरान उनकी कुल बिक्री, निर्यात सहित, में 14.7 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुई, जबकि उनकी खरीद, आयात सहित, में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (अनुबंध 3)। उनकी कुल बिक्री का 30.8 फीसदी हिस्सा निर्यात का था जबकि उनकी कुल खरीदारी का 57.9 का काफी बड़ा हिस्सा आयात का रहा (अनुबंध 4) ।

हाल की मंदी से उबरते हुए भारत में विद्देशी अनुषंगियों की बिक्री में फिर से तेजी आयी और यह 18.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती हुई 2016-17 में ₹19,321 बिलियन हो गयी (अनुबंध 5)। गैर सूचीबद्ध कंपनियों, जिनके लिए अपने तिमाही परिणाम घोषित करना अपेक्षित नहीं है, की कुल बिक्री में हिस्सेदारी 82.5 प्रतिशत की रही। कुल बिक्री में विनिर्माण और सेवाओं के क्षेत्रों की हिस्सेदारी क्रमश: क्रमशः 55.2 प्रतिशत और 41.5 प्रतिशत रही। बिक्री में सबसे बड़ा हिस्सा 20.7 प्रतिशत सूचना और संचार सेवा क्षेत्र का था, जिसमें से दो तिहाई से अधिक निर्यात के माध्यम से किया गया था। इसके अलावा, पिछले दो वर्षों के दौरान, बिक्री और खरीद में हुई वृद्धि निर्यात और आयात वृद्धि से अधिक होने के कारण विदेशी व्यापार की तुलना में घरेलू व्यापार अधिक तेजी से बढ़ा (चार्ट 9)।

भारत में परिचालनरत 12,244 विदेशी अनुषंगी कंपनियों द्वारा रिपोर्ट किए गए आवक एफएटीएस आंकड़े भी विदेशी अनुषंगी कंपनियों के साथ व्यापारिक संबंधों की पुष्टि करते हैं। कुल मिलाकर देखें तो उनकी कुल बिक्री का 30.7 प्रतिशत निर्यातों के रूप में थी जबकि उनकी कुल खरीद की 37.8 प्रतिशत हिस्सेदारी आयातों की थी (चार्ट 10)।

विदेशी सहायक कंपनियों द्वारा की गयी खरीद उनकी बिक्री के अनुरूप रही जो कि 2016-17 में 20.1 प्रतिशत बढ़कर ₹11,974 बिलियन हो गयी। सेवा क्षेत्र की इकाइयों ने विनिर्माण क्षेत्र के अपने समकक्षों की तुलना में कुल कारोबार में उच्च वृद्धि दर्ज की। उनकी खरीद की तुलना में बिक्री का अनुपात 62.0 प्रतिशत था, जो कि सभी सहायक कंपनियों के सम्मिलित अनुपात 81.3 प्रतिशत से काफी कम है और यह सेवा क्षेत्र में मानव पूंजी के उच्चतर उपयोग के अनुरूप है।

चार्ट 9: एफडीआई कंपनियों द्वारा बिक्री और खरीद में वार्षिक वृद्धि



2016-17 में भारत में विदेशी सहायक कंपनियों के कुल निर्यात में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई (अनुबंध 6)। सूचना और संचार सेवाएं क्षेत्र प्रमुखतया निर्यात-उन्मुख बने रहे क्योंकि उनकी एक तिहाई से भी कम बिक्री घरेलू क्षेत्र में हुई और कुल निर्यात का 47.3 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र का था। विनिर्माण क्षेत्र में विदेशी सहायक कंपनियों, विशेष रूप से खाद्य उत्पादों क्षेत्र की, का ध्यान घरेलू बाजार पर अपेक्षाकृत अधिक था जैसा कि 2016-17 के दौरान निर्यात-बिक्री अनुपात में आयी कमी से परिलक्षित होता है।

चार्ट 10: अनुषंगियों द्वारा बिक्री में निर्यात और खरीद में आयात



2016-17 में सहायक कंपनियों का कुल आयात 15.7 प्रतिशत बढ़कर ₹4,530 बिलियन हो गया। विनिर्माण कंपनियों द्वारा कुल खरीद में आयात का हिस्सा 43.7 प्रतिशत था, जबकि सेवा क्षेत्र की कंपनियों के लिए यह 29.2 प्रतिशत था। विनिर्माण के तहत प्रमुख आयातक क्षेत्रों में कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद, मोटर वाहन, ट्रेलर और अर्ध-ट्रेलर और कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद शामिल थे (अनुबंध 6)।

5. निष्कर्ष

भारत एफडीआई के लिए एक पसंदीदा बाजार के रूप में उभर रहा है। 2016-17 के दौरान, निरंतर शुद्ध निवेश प्रवाह पर भारत में विदेशी कंपनियों द्वारा प्रत्यक्ष निवेश का बाजार मूल्य तेजी से बढ़ा। 2016-17 की गणना के परिणाम एफडीआई इक्विटी में बड़े पैमाने पर मूल्य-निर्धारण लाभ उपचित होने के ओर इशारा करते हैं जिसमें क्षेत्र-वार व्यापक विविधता रही परंतु विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में यह सेवा क्षेत्र में अधिक प्रबल रहा। इससे पता चलता है कि पूंजी की तीव्रता, पूंजी पर प्रतिलाभ और दृष्टिकोण का आकलन जैसे कारक प्रभावी हैं।

तुलनात्मक रूप से देखें तो, एफडीआई स्रोत देश के रूप में भारत का प्रोफ़ाइल मंद पड़ता गया है। 2016-17 के दौरान, बाह्य प्रत्यक्ष निवेश में कमी आयी है और बाजार मूल्य पर जावक-आवक निवेश का अनुपात लगातार तीसरे वर्ष कम हुआ है। बावजूद इसके, भारतीय कंपनियां वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाती रही हैं और मार्च 2017 में 2,443 कंपनियों ने अपनी समुद्रपारीय उपस्थिति रिपोर्ट की है और कुल कारोबार में भी मजबूत वृद्धि हुई है।

वर्ष के दौरान भारतीय और विदेशी दोनों सीमा-पार सहायक कंपनियों की गतिविधियां बढ़ीं। भारत में विदेशी सहायक कंपनियों के बीच सूचना और संचार क्षेत्र सबसे बड़ा निर्यात उन्मुख क्षेत्र बना रहा। पिछले दो वर्षों में विदेशी व्यापार की तुलना में घरेलू व्यापार में वृद्धि दर अधिक होने के परिणामस्वरूप 2016-17 के दौरान उनकी घरेलू बिक्री में तेजी आयी तथा कारोबार वृद्धि-दर में सुधार देखा गया। तथापि, दोनों घरेलू और विदेशी सहायक कंपनियों के कारोबार में विदेशी व्यापार की पर्याप्त हिस्सेदारी रही।

संदर्भ

Alfaro, Laura and M.X. Chen (2014), "The Global Agglomeration of Multinational Firms", *Journal of International Economics,* 263-276.

Alfaro, Laura (2017), "Gains from Foreign Direct Investment: Macro and Micro Approaches", *The World Bank Economic Review*, Volume 30, Pages S2-S15.

Bernassy-Quere, Agnes, Maylis Coupet, Thiery Mayer (2007), "Institutional determinants of Foreign Direct Investmnet", *The World Economy,* Vol. 30, pp 764-782

Borensztein, E, J.De Gregorio, J.W.Lee (1998), "How Does Foreign Direct Investment Affect Economic Growth?" *Journal of International Economics,* pp 115-135.

Bosworth, Barry P. and Susan M.Collins (1999), "Capital Flows to Developing Economies: Implications for Saving and Investment", *Brookings Papers on Economic Activity,* No. 1.

Economou, Fotini, Christis Hassafris, Nikolaos Phillipas, Mike Tsionas (2016), "Foreign Direct Investment in OECD and Developing Countries", *Review of Development Economics,* Vol. 21 pp 527-542

Frankel, Jeffrey A. and David Romer (1999), "Does Trade Cause Growth?" *American Economic Review*, 379-398.

International Monetary Fund (2015), *Coordinated Direct Investment Survey Guide.*

International Monetary Fund, *Coordinated Direct Investment Survey* (web-link: http://data.imf.org/regular.aspx?key=60564263).

Moran, Theodore (2016), "Foreign Direct Investment", *The Wiley-Blackwell Encyclopaedia of Globalisation,* 1–9.

Reserve Bank of India, Results of the *Annual Census on Foreign Liabilities and Assets of Indian Direct Investment Companies*, *Reserve Bank of India Bulletin (various issues).*

United Nations Statistics Division (UNSD) *et.al.* (2010): *Manual on Statistics of International Trade in Services.*

अनुलग्नक 1: एफडीआई इक्विटी और ऋण का क्षेत्रवार वितरण: मार्च 2017

बाजार मूल्य पर (बिलियन ₹ में)

गतिविधि	इक्विटी	ऋण	कुल एफडीआई
ए. कृषि संबंधी, पौधरोपण और उससे जुड़ी गतिविधियां	**42.9**	**0.7**	**43.6**
बी. खनन	**815.4**	**2.2**	**817.6**
सी. विनिर्माण	**11,056.8**	**680.1**	**11,736.9**
जिसमें से:			
रसायन और रासायनिक उत्पाद	837.4	41.2	878.6
फार्मास्यूटिकल्स, औषधीय रसायन और वनस्पति उत्पाद	564.6	150.2	714.8
मोटर वाहन, ट्रेलरों और अर्ध-ट्रेलर	1,791.7	143.0	1,934.7
तंबाकू उत्पाद	860.4	-	860.4
खाद्य उत्पाद	925.7	19.4	945.1
विद्युत उपकरण	576.5	24.5	601.0
मशीनरी और औजार	892.3	26.9	919.2
कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद	384.7	2.1	386.8
कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद	387.7	92.9	480.6
बुनियादी धातुएं	145.9	22.9	168.8
डी. बिजली, गैस, भाप और वातानुकूलन की आपूर्ति	**502.2**	**98.5**	**600.7**
ई. **जल आपूर्ति, सीवरेज, अपशिष्ट प्रबंधन / उपचार**	**6.5**	**0.6**	**7.1**
एफ. निर्माण	**375.4**	**290.9**	**666.3**
जी. सेवाएं	**9,195.8**	**318.6**	**9,514.4**
जिसमें से:			
सूचना और संचार	4,210.5	59.4	4,269.9
वित्तीय और बीमा गतिविधियां	2,742.3	15.4	2,757.7
कुल	**21,995.0**	**1,391.6**	**23,386.6**

अनुलग्नक 2: अंकित मूल्य पर गतिविधि-वार एफडीआई इक्विटी और 15,169 एफडीआई कंपनियों के बाजार मूल्य

(राशि बिलियन ₹ में)

गतिविधि	अंकित मूल्य पर एफडीआई इक्विटी		बाजार मूल्य पर एफडीआई इक्विटी	
	राशि	प्रतिशत वृद्धि	राशि	प्रतिशत वृद्धि
ए. कृषि संबंधी, पौधरोपण और उससे जुडी गतिविधियां	**8.5**	**-19.8**	**42.9**	**-12.8**
बी. खनन	**23.5**	**-27.9**	**815.4**	**78.4**
सी. विनिर्माण	**1,872.9**	**2.9**	**11,056.8**	**18.4**
खाद्य उत्पादों का विनिर्माण	90.7	60.0	925.7	16.3
पेय पदार्थों का विनिर्माण	23.7	23.4	128.0	-3.0
तंबाकू उत्पादों का विनिर्माण	3.1	47.6	860.4	27.8
वस्त्रों का विनिर्माण	11.0	-39.9	32.0	1.3
पहनने परिधानों का विनिर्माण	8.1	20.9	94.8	381.2
चमड़े और उससे संबंधित उत्पादों का विनिर्माण	0.7	-36.4	41.6	6.1
लकड़ी और लकड़ी /कॉर्क के उत्पादों का विनिर्माण (पूर्व फर्नीचर)	0.1	0.0	0.1	-75.0
कागज और कागज़ से बने उत्पादों का विनिर्माण	12.0	3.4	33.8	-6.4
रिकॉर्ड किए गए मीडिया की छपाई और पुनरुत्पादन	2.4	-29.4	1.9	-9.5
कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का विनिर्माण	116.5	9.1	384.7	52.2
रसायन और रासायनिक उत्पादों का विनिर्माण	103.2	-4.4	837.4	21.7
फार्मासिट्यूकल्स, औषधीय रासायनिक और वनस्पति उत्पादों का विनिर्माण	34.4	-17.3	564.6	-14.5
रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण	103.4	6.3	171.0	11.7
अन्य गैर-धातु खनिज उत्पादों का विनिर्माण	18.8	-32.4	131.7	-17.6
बुनियादी धातुओं का विनिर्माण	119.5	2.4	145.9	8.0
मशीनरी और उपकरणों को छोड़कर गढ़े हुए धातु उत्पादों का विनिर्माण	33.9	-0.6	71.9	13.4
कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादों का विनिर्माण	31.6	-31.5	387.7	40.4
विद्युत उपकरण का विनिर्माण	128.7	16.6	576.5	-19.1
मशीनरी और अन्यत्र वर्गीकृत न किए गए उपकरणो का विनिर्माण	118.1	-22.0	892.3	54.8
मोटर वाहन, ट्रेलरों और अर्ध-ट्रेलरों का विनिर्माण	475.6	6.1	1,791.7	43.7
अन्य परिवहन उपकरणों का विनिर्माण	57.4	-2.7	84.0	3.6
फर्नीचर का विनिर्माण	1.5	50.0	2.6	44.4
अन्य विनिर्माण	360.3	8.0	2,868.3	11.5
मशीनरी और उपकरण की मरम्मत और स्थापना	18.2	-6.2	28.2	0.0
डी. बिजली, गैस, भाप और वातानुकूलन की आपूर्ति	**235.7**	**19.5**	**502.2**	**24.9**
ई. जल आपूर्ति, सीवरेज, अपशिष्ट प्रबंधन / उपचार	**6.9**	**46.8**	**6.5**	**54.8**
एफ. निर्माण	**162.1**	**-2.2**	**375.4**	**-4.4**
जी. सेवाएं	**2,117.0**	**16.8**	**9,195.8**	**12.7**
1. थोक और खुदरा व्यापार मोटर वाहन / मोटरसाइकिल मरम्मत	473.2	9.6	635.2	16.3
2. परिवहन और भंडारण	126.6	39.1	484.3	4.5
3. आवास और खाद्य सेवा गतिविधियां	69.4	21.5	146.4	7.7
4. सूचना और संचार	495.3	72.0	4,210.5	9.9
5. वित्तीय और बीमा गतिविधियां	589.1	1.1	2,742.3	23.3
6. रियल एस्टेट गतिविधियां	25.3	-23.6	117.6	-25.7
7. अन्य सेवाएं गतिविधियां	338.1	2.6	859.5	6.8
कुल	**4,426.4**	**9.5**	**21,995.0**	**17.0**

अनुलग्नक 3: विदेशी प्रत्यश निवेश* कंपनियों की गतिविधि वार बिक्री और खरीद

(राशि बिलियन ₹ में)

गतिविधि	राशि		कुल में प्रतिशत हिस्सा	
	बिक्री	खरीद	बिक्री	खरीद
ए. कृषि संबंधी, पौधरोपण और उससे जुडी गतिविधियां	**8.8**	**6.3**	**0.2**	**0.2**
बी. खनन	**77.9**	**61.1**	**1.8**	**1.8**
सी. विनिर्माण	**1,582.9**	**1,331.2**	**37.2**	**38.5**
जिसमें से:				
खाद्य उत्पाद	38.3	34.3	0.9	1
कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद	200.6	191.2	4.7	5.5
रसायन और रासायनिक उत्पाद	143.9	102.1	3.4	3
फार्मासिट्यूकल्स, औषधीय और रासायनिक उत्पाद	300.9	199.8	7.1	5.8
कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद	1.3	1.0	0.0	0
विद्युत उपकरण	11.9	9.7	0.3	0.3
अन्यत्र वर्गीकृत नहीं किये गये मशीनरी और उपकरण	18.0	13.2	0.4	0.4
मोटर वाहन, ट्रेलर और अर्ध-ट्रेलर	285.8	266.2	6.7	7.7
डी. बिजली, गैस, भाप और वातानुकूलन की आपूर्ति	**24.8**	**15.8**	**0.6**	**0.5**
ई. जल आपूर्ति; सीवरेज, अपशिष्ट प्रबंधन और रेमिडिएशन गतिविधियां	**1.7**	**1.3**	**0.0**	**0**
एफ. निर्माण	**32.0**	**26.4**	**0.8**	**0.8**
जी. सेवाएं	**2,525.8**	**2,017.1**	**59.4**	**58.3**
जिसमें से:				
थोक और खुदरा व्यापार; मोटर वाहनों और मोटरसाइकिलों की मरम्मत	480.8	439.8	11.3	12.7
परिवहन और भंडारण	60.7	55.1	1.4	1.6
सूचना और संचार	1,699.8	1,288.3	40.0	37.2
वित्तीय और बीमा गतिविधियां	92.0	87.3	2.2	2.5
कुल	**4,253.9**	**3,459.2**	**100.0**	**100.0**

* 2,100 भारतीय कंपनियों द्वारा 3,578 विदेशी सहायक कंपनियों की बिक्री और खरीद की सूचना दी गई है।

अनुलग्नक 4: विदेशी प्रत्यश निवेश कंपनियों का गतिविधि वार निर्यात और आयात

(राशि ₹ बिलियन में)

गतिविधि	राशि		शेयर (प्रतिशत)	
	निर्यात	आयात	बिक्री में निर्यात	खरीद में आयात
ए. कृषि संबंधी, पौधरोपण और उससे जुडी गतिविधियां	**2.7**	**3.3**	**30.7**	**52.4**
बी. खनन	**44.2**	**40.3**	**56.7**	**66.0**
सी. विनिर्माण	**586.0**	**674.6**	**37.0**	**50.7**
जिसमें से:				
खाद्य उत्पाद	17.4	17.9	45.4	52.2
कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद	156.5	172.1	78.0	90.0
रसायन और रासायनिक उत्पाद	67.6	66.8	47.0	65.4
फार्मासिट्यूकल्स, औषधीय और रासायनिक उत्पाद	63.9	113.0	21.2	56.6
कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद	0.2	0.3	15.4	30.0
विद्युत उपकरण	6.8	5.9	57.1	60.8
मशीनरी और उपकरण अन्य जगहों पर वर्गीकृत नहीं किया गया है ।	6.2	6.2	34.4	47.0
मोटर वाहन, ट्रेलर और अर्ध-ट्रेलर	69.3	50.4	24.2	18.9
डी. बिजली, गैस, भाप और वातानुकूलन की आपूर्ति	**7.7**	**10.2**	**31.0**	**64.6**
ई. जल आपूर्ति; सीवरेज, अपशीष्ट प्रबंधन और रेमिडिएशन गतिविधियां	**0.0**	**0.2**	**0.0**	**15.4**
एफ. निर्माण	**1.6**	**1.2**	**5.0**	**4.5**
जी. सेवाएं	**667.1**	**1,272.8**	**26.4**	**63.1**
जिसमें से:				
थोक और खुदरा व्यापार; मोटर वाहनों और मोटरसाइकिलों की मरम्मत	382.7	344.9	79.6	78.4
परिवहन और भंडारण	46.1	42.0	75.9	76.2
सूचना और संचार	187.7	830.8	11.0	64.5
वित्तीय और बीमा गतिविधियां	18.7	21.5	20.3	24.6
कुल	**1,309.3**	**2,002.6**	**30.8**	**57.9**

* 3,578 विदेशी सहायक कंपनियों के निर्यात और आयात की सूचना 2,100 कंपनियों द्वारा की गई है।

अनुलग्नक 5: 2016-17 के दौरान विदेशी सहायक कंपनियों की गतिविधि-वार बिक्री और खरीद*

(राशि ₹ बिलियन में))

गतिविधि	राशि		कुल में प्रतिशत का हिस्सा	
	बिक्री	खरीद	बिक्री	खरीद
ए. कृषि संबंधी, पौधरोपण और उससे जुडी गतिविधियां	**56.3**	**42.8**	**0.3**	**0.4**
बी. खनन	**178.1**	**153.5**	**0.9**	**1.3**
सी. विनिर्माण	**10,663.3**	**7,080.7**	**55.2**	**59.1**
जिसमें से:				
खाद्य उत्पाद	640.8	382.7	3.3	3.2
कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद	863.4	510.4	4.5	4.3
रसायन और रासायनिक उत्पाद	560.1	330.9	2.9	2.8
फार्मासिट्यूकल्स, औषधीय और रासायनिक उत्पाद	386.9	215.0	2.0	1.8
कप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद	1,061.1	695.5	5.5	5.8
विद्युत उपकरण	710.9	429.2	3.7	3.6
अन्यत्र वर्गीकृत नहीं किये गये मशीनरी और उपकरण	818.8	554.9	4.2	4.6
मोटर वाहन, ट्रेलर और अर्ध-ट्रेलर	2,356.0	1,720.0	12.2	14.4
डी. बिजली, गैस, भाप और वातानुकूलन की आपूर्ति	**165.1**	**115.1**	**0.9**	**1**
ई. जल आपूर्ति; सीवरेज, अपशिष्ट प्रबंधन और रेमिडिएशन गतिविधियां	**11.3**	**6.8**	**0.1**	**0.1**
एफ. निर्माण	**229.2**	**131.0**	**1.2**	**1.1**
जी. सेवाएं	**8,017.4**	**4,444.4**	**41.5**	**37.1**
जिसमें से:				
थो थोक और खुदरा व्यापार; मोटर वाहनों और मोटरसाइकिलों की मरम्मत	2,190.6	1,962.9	11.3	16.4
परिवहन और भंडारण	231.1	166.4	1.2	1.4
सूचना और संचार	4,000.4	1,560.6	20.7	13
वित्तीय और बीमा गतिविधियां	387.6	160.6	2.0	1.3
कुल	**19,320.7**	**11,974.3**	**100.0**	**100**

* भारत में 12,244 सहायक कंपनियों में से, 8,557 निर्यात और 5,648 आयात की सूचना दी गई है।

अनुलग्नक 6: 2016-17 के दौरान विदेशी सहायक कंपनियों की गतिविधि के अनुसार निर्यात और आयात*

(राशि ₹ बिलियन में)

गतिविधि	राशि		शेयर (प्रतिशत)	
	निर्यात	आयात	बिक्री में निर्यात	खरीद में आयात
ए. कृषि संबंधी, पौधरोपण और उससे जुडी गतिविधियां	**2.0**	**5.8**	**3.6**	**13.6**
बी. खनन	**1.9**	**88.7**	**1.1**	**57.8**
सी. विनिर्माण	**2,047.9**	**3,091.7**	**19.2**	**43.7**
जिसमें से:				
खाद्य उत्पाद	53.3	89.1	8.3	23.3
कोक और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद	358.6	404.0	41.5	79.2
रसायन और रासायनिक उत्पाद	102.1	170.5	18.2	51.5
फार्मासिट्यूकल्स, औषधीय और रासायनिक उत्पाद	141.5	106.8	36.6	49.7
कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद	206.5	560.8	19.5	80.6
विद्युत उपकरण	91.8	161.3	12.9	37.6
अन्यत्र वर्गीकृत नहीं किये गये मशीनरी और उपकरण	241.7	203.5	29.5	36.7
मोटर वाहन, ट्रेलर और अर्ध-ट्रेलर	343.9	317.4	14.6	18.5
डी. बिजली, गैस, भाप और वातानुकूलन की आपूर्ति	**6.0**	**34.1**	**3.6**	**29.6**
ई. जल आपूर्ति; सीवरेज, अपशिष्ट प्रबंधन और रेमिडिएशन गतिविधियां	**0.7**	**1.1**	**6.2**	**16.2**
एफ. निर्माण	**14.1**	**11.7**	**6.2**	**8.9**
जी. सेवाएं	**3,852.0**	**1,296.7**	**48.0**	**29.2**
जिसमें से:				
थोक और खुदरा व्यापार; मोटर वाहनों और मोटरसाइकिलों की मरम्मत	386.3	916.1	17.6	46.7
परिवहन और भंडारण	54.7	28.2	23.7	16.9
सूचना और संचार	2,802.0	264.0	70.0	16.9
वित्तीय और बीमा गतिविधियां	142.4	11.4	36.7	7.1
कुल	**5,924.6**	**4,529.8**	**30.7**	**37.8**

* भारत में 12,244 सहायक कंपनियों में से 6,365 निर्यात और 3,931 आयात की सूचना दी गई